कार्यालय-अधिष्ठाता, शैक्षिक क्रियाकलाप
हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय, कानपुर

पत्र सं0 : 354 /शैक्षिक/2025 दिनांक : जुलाई 19 ,2025

-:कार्यालय ज्ञापः-

विश्वविद्यालय के शैक्षिक अनुभाग के पत्रांक 330/शैक्षिक/2025 दिनांक 14/07/2025 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसमें शैक्षिक सत्र 2025-26 में अध्ययनरत् समस्त पाठ्यक्रम के छात्र-छात्राओं (पी0एच0डी0 शीतकालीन छात्र-छात्राओं को छोड़कर) को सूचित किया जाता है कि विषम सत्र हेतु समस्त उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को ई0आर0पी0 पर प्रमोट कर दिया गया है। **शैक्षिक सत्र 2025-26 का शिक्षण शुल्क जमा किये जाने की अन्तिम तिथि 20/07/2025 को विस्तारित करते हुए दिनांक 30/07/2025 तक ई0आर0पी0 पोर्टल के माध्यम से (https://erp.hbtu.ac.in/slogin.aspx) जमा करना सुनिश्चित करें।**

उक्त तिथि के उपरान्त **रु0 200/- प्रतिदिन (अधिकतम रु0 1000/- मात्र एक सप्ताह तक)** विलम्ब शुल्क देय होगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि जिन छात्र-छात्राओं की न्यूनतम उपस्थिति 75 प्रतिशत नहीं होगी एवं जिनके द्वारा इनरोलमेन्ट से सम्बन्धी कार्यवाही पूर्ण नहीं की गई है, उन छात्र-छात्राओं को आगामी मिड सेमेस्टर एवं नियमित परीक्षा में प्रतिभाग करने से वंचित कर दिया जाएगा, जिसकी पूर्ण जिम्मेदारी छात्र की होगी।

(प्रो0 ललित कुमार सिंह)
अधिष्ठाता, शैक्षिक क्रियाकलाप

प्रतिलिपि निम्नोक्त को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1. समस्त विभागाध्यक्ष को इस आशय के साथ प्रेषित है कि उक्त सूचना को विभाग के सूचना पट्ट पर चस्पा कराने का कष्ट करें।
2. अधिष्ठाता, छात्र-कल्याण, एच0बी0टी0यू0, कानपुर।
3. परीक्षा नियंत्रक, एच0बी0टी0यू0, कानपुर।
4. वित्त नियंत्रक, एच0बी0टी0यू0, कानपुर।
5. सिस्टम मैनेजर, एच0बी0टी0यू0, कानपुर को इस आशय के साथ प्रेषित है कि उक्त सूचना को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड/प्रदर्शित करने का कष्ट करें।
6. विशेष कार्याधिकारी, कुलपति कार्यालय, मा0 कुलपति महोदय के संज्ञानार्थ।
7. सूचना पट्ट, शैक्षिक अनुभाग, एच0बी0टी0यू0, कानपुर।

19/7/25

(प्रो0 ललित कुमार सिंह)
अधिष्ठाता, शैक्षिक क्रियाकलाप